# 24 घंटों में तीन मासूमों की मौत

## पांच और बच्चे लड़ रहे जिंदगी की जंग

# अभी तक 19 मौतें





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा (मनीष गड़करी)

*छिंदवाड़ा में सिरप कांड अब सियासी दांव पेंच की दहलीज पर आ खड़ा हुआ है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही सियासत में लगे है। कांग्रेस पार्टी ने पीड़ित परिवारों के लिए एक करोड़ मुआवजे की मांग की है। वहीं प्रशासन गांव गांव मुनादी कराकर सिरप न पिलाने की अपील कर रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन से पीड़ितों में थोड़ी राहत तो है परंतु इस बात की नाराजगी देखी गई है कि पूर्व कलेक्टर द्वारा समय रहते कदम नहीं उठाया गया। वहीं जो नेता सीएम के साथ पीड़ितों को सांत्वना देने गए थे वे अगर पहले पहुंच जाते तो यह संदेश जाता कि सरकार उनके साथ है। फिर भी 32 दिनों बाद ही सही सरकार ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही और इलाज के लिए जो खर्च देने की बात कही है वह डूबते को तिनके का सहारा की तरह बेहद प्रभावशील रही है। सीएम के आगमन के साथ 16 बच्चों की मौतों का मातम अभी चल ही रहा था कि मंगलवार को तीन और बच्चों की मौत की खबर ने झंझोर दिया। मासूमों की मौत एक कहर बनकर जिले पर आई है।जिससे जिले का आम से खास तक बेहद दुखी है।*



धानी डेहरिया



वेदांश पवार



जियासु यदुवंशी

## बीमार बच्चों के परिजनों में दहशत

छिंदवाड़ा में कफ सिरप से 24 घंटों में तीन बच्चों के दम तोड़ने से बीमार बच्चों के परिजनों में दहशत का माहौल है। जहरीली कफ सिरप के कारण बच्चों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले 24 घंटों में, नागपुर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज के दौरान तीन और मासूमों में तामिया की धानी डेहरिया (1 छिंदवाड़ा कफ सिरप त्रासदी 24 घंटों में 3 और बच्चों की मौत, मृतकों की संख्या 17 हुई 5 माह), जुन्नारदेव की ज्यांशु यदुवंशी (2 साल) और रीधोरा के वेदांश पवार (ढाई साल) ने दम तोड़ दिया। इन मौतों के साथ, जिले में मृतकों की संख्या अब 19 हो गई है। यह सामने आया है कि डॉ. प्रवीण सोनी समेत कुछ चिकित्सकों ने बच्चों को 'कोल्ड्रिफ सिरप' दी थी, जिसके कारण कई बच्चों की किडनी डैमेज हुई।

### कोल्ड्रिफ सिरप का विक्रय एवं वितरण को प्रतिबंधित किये जाने के लिये एडवाईजरी जारी

जिले के विकासखंड परासिया अनुविभाग में किडनी फेलियर से बच्चों की असामायिक मृत्यु हुई है। उक्त कोल्ड्रिफ सिरप का विक्रय एवं वितरण को प्रतिबंधित किये जाने के लिये एडवाईजरी जारी की गई है, जिसके अनुसार ₹खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल मध्यप्रदेश के पत्र 04 अक्टूबर 2025 में जारी एडवाईजरी के अंतर्गत कोल्ड्रिफ सिरप का विक्रय एवं वितरण को प्रतिबंधित किया गया है । इसलिये सभी आमजनों को सूचित किया गया है कि वे कोल्ड्रिफ सिरप का क्रय एवं उपयोग नही करें। साथ ही भारत सरकार लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नई दिल्ली द्वारा जारी एडवाईजरी 03 अक्टूबर 2025 के अनुसार सभी चिकित्सकों द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सर्दी-खांसी के लिये आमतौर पर कोई भी सिरप उपयोग की सलाह नहीं दी जानी चाहिये । जारी एडवाईजरी के अनुसार कलेक्टर श्री हरेन्द्र नारायन ने सभी चिकित्सकों, दवा विक्रेता एवं आमजनों को इस एडवाईजरी से सूचित होने एवं उसका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं ।

## सीएम ने परिजनों को दी सांत्वना

16 मासूम बच्चों की मौत के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री को छिंदवाड़ा आना पड़ा। मुख्यमंत्री का दौरा भी तब बना जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को छिंदवाड़ा और परासिया जाने का अपना प्रोग्राम जारी किया। आनन फानन में मुख्यमंत्री ने 6 अक्टूबर के अपने सारे कार्यक्रम रद्द कर छिंदवाड़ा का रुख किया । और परासिया में न्यूटन पहुंचकर मासूम शहीदों के परिजनों से मुलाकात की। सबसे बड़ी बात तो यह है कि मुख्यमंत्री के साथ छिंदवाड़ा जिले के वह नेता भी नजर आए जो पिछले एक महीने में कभी किसी मासूम बच्चों के परिजन से मिलने नहीं पहुंचे। वह भी मुख्यमंत्री के बहाने मासूम शहीदों के परिजनों को सांत्वना देते नजर आए । और मासूम बच्चों के परिजन नेता, मुख्यमंत्री का मुंह ताकते बैठे रहे। क्योंकि जो उन्हें मिलना था उसकी घोषणा तो मुख्यमंत्री पहले ही कर चुके । कांग्रेस के एक्टिव होने के बाद ड्रग माफिया से जुड़े अधिकारियों को हटाया गया । इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि ने निभाई । उन्होंने पहली मौत के बाद ही मुख्यमंत्री और कलेक्टर को इस बात से अवगत करा दिया था कि यह गंभीर मामला है। लेकिन उनकी बात किसी ने नहीं सुनी। उनके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नकुलनाथ भी एक महीने के दौरान कभी भी मासूमों की खोजखबर लेने नहीं पहुंचे। आखिरकार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी को छिंदवाड़ा आकर कांग्रेस की उपस्थिति दर्ज करानी पड़ी।

### IMA का विरोध, डॉक्टर की रिहाई की मांग कितनी जायज?

परासिया के सरकारी डॉक्टर शिशु रोग विशेषज्ञ प्रवीण सोनी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और जेल भी भेज दिया गया है । जिसका इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भारी विरोध जताया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का विरोध जायज है क्योंकि डॉक्टर किसी दवा को मरीज के स्वास्थ सुधार के लिए लिखता है। जिसका उसे अधिकार है और डॉक्टर को नहीं पता होता कि जो दवा वह लिख रहा है उस दवा में दवा में दर्शाए गए कंटेंट के अलावा भी और कुछ मौजूद है । लेकिन मौत के कारोबार के इस पूरे रैकेट में कहीं न कही डॉक्टरों की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। दवा कंपनी डॉक्टरों को फॉरेन टूर दे रही है । दवा कंपनी डॉक्टरों को महंगे गिफ्ट दे रही है और दवा कंपनी डॉक्टरों को मोटा कमीशन दे रही है। उसके बाद डॉक्टर दवा लिख रहे। इस बात की तरफ भी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का विरोध सामने आना जरुरी है। मेडिकल रिप्रेंटेटिव के माध्यम से कंपनी गिफ्ट और मोटा कमीशन ऑफर करती है वहीं शासकीय सेवारत चिकित्सक को निजी सेवाएं देने पर प्रतिबंध होता है। अधिकांशतः डॉक्टर मरीजों को निजी क्लीनिक में आने के लिए दबाव बनाते है। आईएमए को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए। आम आदमी निजी चिकित्सालयों की लूट से बेहद परेशान रहता है। कोरोना में भी त्रासदी का फायदा इन चिकित्सालयों ने उठाया है। डॉक्टर पंकज भूतड़ा भी कार्यवाहियां हुई थी। असली दर्द तो सिर्फ पीड़ित ही बता सकते है। आईएमए विरोध तो कर रहा है परंतु अंदर की बात सब जानते है।

## तामिया में कांग्रेस का धरना, कब जागेगी सरकार पीड़ितों की मुआवजा राशि एक करोड़ बढ़ाए सरकार



**तामिया।** जहरीले कफ सिरप एवं मध्यप्रदेश सरकार की अकर्मण्यता के कारण जान गवाने वाले नौनिहालों के परिजनों को 1 - 1 करोड़ मुआवजा दिए जाने एवं दोषियों को बर्खास्त कर गिरफ्तार किए जाने के सम्बंध में ब्लॉक कांग्रेस तामिया और छिंदी ने धरना दिया। छिन्दवाड़ा जिले के परासिया में निजी क्लिनिक में उपचार के दौरान जहरीले कफ सिरप के कारण जान गवाने वाले नौनिहालों के परिजनों को राज्य शासन के द्वारा मात्र 4 - 4 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा कर एवं एक डॉक्टर की गिरफ्तारी कर अपनी जबाबदारी से मुँह मोड़ लिया गया है। और नागपुर में अपने नौनिहालों का उपचार करा रहे परिजनों को आज तक किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा अभी तक उपलब्ध नही कराई गई है। कार्यवाही के नाम पर अभी तक सिर्फ एक डॉक्टर की गिरफ्तारी कर कुछ छोटे अधिकारियों को निलंबित किया गया है, जबकि इस दवा को बनाने वाले एवं इसे प्रदेश में बिक्री की अनुमति देने वाले अधिकारी एवं मंत्री अभी भी खुले घूम रहे है। न जाने किस दबाव में सरकार इनके गिरेवान में हाँथ डालने से डर रही है। अतः काँग्रेस पार्टी आप से माँग करती है कि जहरीले कफ सिरप से जान गवाने वाले बच्चों के परिजनों को 1 - 1 करोड़ की मुआवजा राशि एवं नागपुर में उवचार करा रहे परिजनों को 5 - 5 लाख की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए एवं दोषी स्वास्थ्य मंत्री एवं ड्रग कंट्रोलर सहित सभी दोषी अधिकरियों को तत्काल बर्खास्त कर गिरफ्तार किया जाए। जिससे कि प्रदेश में ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव के ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, तामिया अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, छिंदी के अध्यक्ष समेत उईके, जिप सदस्य नवीन मरकाम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंद्र कुमार बत्रा, सुंदर पटेल, जमाई नगर कांग्रेस के अरुणेश जायसवाल,राजेश राय, शंकर पाल, शब्बीर जाफरी, दिनेश मालवीय,राजा खान, अनिल साहू सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सांसद ने कहा बच्चों के इलाज का खर्चा राज्य शासन वहन करेगा

छिंदवाड़ा लोकसभा के संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से कफ सिरप से प्रभावित बच्चों का नागपुर के अस्पतालों में इलाज का सम्पूर्ण वहन राज्य शासन करेगा प्रभावित परिवारों की आर्थिक स्थिति से सांसद बंटी विवेक साहू जी ने मुख्यमंत्री जी को कराया था अवगत सांसद बंटी विवेक साहू जी के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कफ सिरप के कारण किडनी संक्रमण से प्रभावित नागपुर के विभिन्न अस्पतालों में उपचाररत 9 बच्चों के इलाज का संपूर्ण व्यय राज्य शासन द्वारा वहन किए जाने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात होगी मुख्यमंत्री के छिंदवाड़ा दौरे एवं प्रभावित परिवारों से मुलाकात के दौरान छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा उन्हें अवगत कराया गया था कि जिन परिवारों के बच्चे नागपुर में उपचारत हैं यह सभी कमजोर आर्थिक स्थिति के हैं। इसके पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रभावित बच्चों के उपचार की समुचित व्यवस्था एवं सतत पर्यवेक्षण के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारी और चिकित्सकों की संयुक्त टीम नागपुर में तैनात की गई है। यह टीम प्रभावित परिवारों एवं अस्पताल प्रबंधन के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए बच्चों के उपचार की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है।

## किडनी फैलियर, नागपुर में चल रहे बच्चों का इलाज

परासिया तहसील में वायरल फीवर के उपचार उपरांत किडनी फेलियर होने के कारण अभी तक १६बच्चो ने अपनी जान गंवा चुके हैं ,अभी कुछ बच्चे नागपुर में इलाज हेतु एडमिट है जिनका गहन उपचार नागपुर में चल रहा है , उपचार संबंधित जानकारी जिला प्रशासन की मेडिकल टीम उपचार संबंधित मेडिकल बुलेटिन हर दिन जारी करें जिस से आमजनो एंव पिडित वर्ग के स्नेही जनों को जानकारी मिल सके ,इन बच्चों की गहन चिकित्सा का खर्चा कौन वहन कर रहा है उसकी जानकारी सार्वजनिक करना चाहिए,पिडित परिवार वैसे ही मध्यम गरीब वर्ग से आते हैं उनकी ऐसी स्थिति नहीं है की वो इतना मंहगा खर्च वहन करे , मध्यप्रदेश शासन एंव जिला प्रशासन इन पिडित परिवार के प्रति संवेदनशील भावनाओं से उनके उपचार हो रहे मंहगे खर्चो पर नजर रखते हुए, उचित उपचार में पूर्ण सहयोग प्रदान करें ,मेडिकल बुलेटिन बच्चों उपचार संबंधित हर दिन जारी करें।

# वनविभाग ने सागौन से भरा वाहन पकड़ा

## लगभग पचास हजार रूपए आंकी जा रही कीमत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

सोमवार रात रात्रि 11:30 बजे मुखबिर की सूचना के आधार पर गश्ती के दौरान सहायक वन संरक्षक श्री अतुल पारधी, छिंदवाड़ा क्षेत्र पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी के निर्देशन में श्री मार्तण्ड सिंह मरावी वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंभपानी के मार्गदर्शन में बोरडी से सुर्रेवानी, डोंगरगांव मार्ग पर गश्ती के दौरान वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, ईको विकास समिति बोरडी के सदस्यो द्वारा चौपहियावाहन टाटा ACE Gold वाहन क्रमांक MP-28-ZE-2256 को अवैध रूप से सागौन लट्ठे परिवहन करते हुये घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया किन्तु वाहन चालक वाहन तेज रफ्तार से चलाते हुये वाहन को चारगांव बीट गेडीघाट नाला के पास छोडकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया, मौके से वाहन से 12 नग सागौन लट्ठे 1.267 घमी जप्त की गई। जप्त चौपहिया वाहन संजू पिता बिसाखीलाल साकिन कौआखेडा, थाना चांद, जिला छिंदवाडा के नाम पर पंजीकृत हैं, वाहन मालिक एवं फरार वाहन चालक की तलाश जारी है। वाहन एवं वनोपज की जप्ती की कार्यवाही कर पी.ओ.आर.क्रमांक 46076/20 दिनांक 07.10.2025 से प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई प्रकरण की जांच जारी हैं। उक्त कार्यवाही में श्री सुखराम उईके वनपाल, प.स. थोटा, रंजीत सिंह रघुवंशी व.र., देवआषीष डेहरिया व.र. दिनेश सैयाम व.र. कन्हैयालाल धुर्वे व.र. पवन सैहरिया व.र. झामसिंह बेलगोत्रे व.र. , राकेश इनवाती, जयपाल कुमरे, बसंत शर्मा, आशाराम उईके यशोद भलावी सुरक्षा श्रमिक एवं ईको विकास समिति बोरडी के सदस्यो का विशेष योगदान रहा।

## हरिभूमि की खबर को नजर अंदाज करते हुए जन उपयोगी कुआं किया बंद, बनाई नाली

# तामिया संदीपनी स्कूल में गंगाजल संवर्धन जलाभिषेक की देखने मिली दुर्दशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामियां शासकीय विभागों में पदस्थ अधिकार कर्मचारी जो पूरी तरीके से निरंकुश हो चुके हैं क्योंकि इनके ऊपर अपने वरिष्ठ अधिकारियों का शायद कोई नियंत्रण नहीं बचा है। इसीलिए इनकी मनमानी एवं हठ धर्मिता शासन की योजना के साथ-साथ आम जनता पर भी इनकी मनमानी का विपरीत असर पड़ रहा है।

ऐसा ही प्रत्यक्ष उदाहरण इन दिनो प्रधानमंत्री की जल जीवन मिशन एवं जल गंगा संवर्धन के तहत चलाए जा रहे अभियान में साफ देखने मिल रही है कि उनके इस अभियान को किस तरह यहां के अधिकारी कर्मचारी नजर अंदाज कर इस योजना का मजाक



बना रहे है। इसी आशय का समाचार हरिभूमि ने जल जीवन मिशन के तहत स्कूल आंगनबाड़ियों में बनाए गए प्याऊ भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने के साथ-साथ शोभा की सुपारी बन गए, लेकिन उससे भी गंभीर मामला सांदीपनी स्कूल परिसर स्थित कुएं को जिस तरीके से स्कूल प्रबंधन एवं ठेकेदार ने मिलकर जमीं दोज किया है! ऐसे उदाहरण शायद देश भर में कहीं देखने सुनने नहीं मिलेगा। क्योंकि यह कुआं ना तो किसी के लिए बाधा बन रहा था ना ही किसी को इससे परेशानी थी। लेकिन बावजूद इसके सांदीपनी परिसर में पेयजल आपूर्ति करने वाले ईस कुए को दफन अनावश्यक रूप से किया गया जो एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है क्योंकि केंद्र एवं सरकार प्रदेश सरकार जल बचाओ अभियान के तहत हर प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। वहीं इस परिसर में यदि कुएं को अकारण ही दफन किया जाना बेहद दुखद है किंतु ना तो स्कूल के प्राचार्य पंचायत सचिव पीएचई उपयंत्री को हरिभूमि के माध्यम से कुआं बचाने संबंधी समाचार की जानकारी होने के बाद भी उन्होंने इसे बचाने की कोई प्रयास नहीं किया और उनकी मिली भगत और मौन.स्वीकृति के चलते ठेकेदार की मर्जी से यह कुआं दफन हो गया। हरिभूमि ने खबर के माध्यम से अवगत कराया था, लेकिन इस खबर को नजर अंदाज सिर्फ इसलिए किया गया। इस कुएं को बचाने के बजाय इसे सिर्फ इसलिए दफन कर दिया गया कि यहां पर नाली बनना था जबकि इतने बड़े मैदान में इसके बगल से नाली बनाई जा सकती थी, लेकिन पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी भी कम दोषी नहीं है कि उन्होंने कुएं को दफन करने में सिर्फ इसलिए सहयोग किया कि वहां नाली बन सके। इस तरह स्कूल कुएं को दफन करने में यह सारे अधिकारी शामिल है। जिला प्रशासन को संज्ञान में लेकर हुआ कुएं को अनावश्यक रूप से दफन करने वालों पर एफ आईआर तो जरूर होना चाहिए जिससे भविष्य में इस क्षेत्र के पेयजल स्त्रोत अकारण अपनी मौत ना मर सके।

## नगरवासियों ने फूलों की वर्षा कर किया स्वागत

# 2400 तीर्थों का जलरज ज्योति कलश का हुआ आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गायत्री शक्तिपीठ सौसर में 24 तीर्थ का जलराजित ज्योति कलश का आगमन हुआ इस दौरान सौसर नगर वासियों ने भी कलश यात्रा पर फूलों का वर्षाव करते हुए स्वागत सत्कार किया। आयोजन के दौराननगराध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा ने हरिद्वार से जनशताब्दी दिव्य ज्योति कलश का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

गायत्री शक्तिपीठ के सहायक प्रबंध ट्रस्टी चित्रसेन रबड़े ने बताया कि, यह दिव्य कलश परम वंदनीय माताजी की जन्मशताब्दी और अखंड दीप हरिद्वार के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नगर नगर गांव गांव पहुंच रहा है। जहां भव्य स्वागत पूजन परिजन कर रहे है। इस अवसर पर पूर्व नगराध्यक्ष गुंजन संजय राठी, नीता नरेश बोड़खे, देवेंद्र केदार, एड. एम एम पूरी, शेखर कलंबे, आदि उपस्थित रहे ।नगर की गजानन कॉलोनी में बहनों ने मंगल गीत गायन करते हुए रथ यात्रा का स्वागत वंदन किया इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धावान उपस्थित रहे। अंत में गायत्री शक्तिपीठ प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे ने सभी का आभार प्रकट किया। गायत्री परिवार ट्रस्ट प्रबंधन से राजू वाघ , पदमाकर, भकने, प्रमोद लोनारे, चंद्रकिरण घाटोडे , उमेश डोंगरे, ललित भोपे,आदि का सहयोग रहा है।

### खैरीतायगांव में हुआ वर्षवास समापन कार्यक्रम

**पारडिसंगा।** ग्राम खेरितायगाव में मंगलवार को लुंबिनी बुद्ध विहार में वर्षावास कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ है। आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार वर्षावास को लेकर आषाढ़ पूर्णिमा से लेकर आश्विन पूर्णिमा तक प्रतिदिन बुद्ध विहार में धार्मिक आयोजनों के साथ में बुद्ध और उसके धम्म का वाचन किया जा रहा था।वर्षवास समापन कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य पूज्य संघ की प्रमुख उपस्थिति में पंचशील ध्वज ध्वजारोहण के साथ में किया गया, इस दौरान डॉ बाबा साहब अंबेडकर अनुयायियों ने लुम्बनी बौद्ध विहार से डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक तक रैली निकालकर संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण अभिवादन किया। वर्षवास समापन कार्यक्रम के दौरान भंदन्त सुमनपाल महाथेरो,भंन्ते पय्याबोधी थेरो,भंन्ते मंगलबोधी, के द्वारा महापरिनित्रण पाठ के साथ



धम्म देशना देते हुएतथागत भगवान गौतम बुद्ध के द्वारा दिए गए आर्य अष्टांगिक मार्ग पंचशील और 10 पारमिताओं, आदि के माध्यम सेतथागत बुद्ध ने मानव जीवन को मध्यम मार्ग का रास्ता दिखाया है। मानव जीवन मे लोभ मोह माया छल कपट भरा पड़ा है,यह सिर्फ मैत्री और प्रेम से ही समाप्त किया जा सकता है। हमें सभी के साथ मैत्री और प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए।आयोजन के दौरान भोजन दान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधुओ के अलावा आसपास के ग्रामों के लोगों ने पहुंचकर आयोजन को सफल बनाया गया है।

## पुलिस ने बचाए 13 गौवंश के प्राण



**पांदुर्ना।** आज पांदुर्ना पुलिस के प्रयास से महाराष्ट्र के कत्लखाने जा रहे 13 गोवंश के प्राण बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मोही मार्ग से कुछ गोवंश को पैदल हांकते हुए महाराष्ट्र तहसील वरूड ले जाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने गोवंश को हांकनेवाले आरोपियों की घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा। तडके 4 बजे आरोपियों और गोवंश को पकडनेवाले दल में आ. पुष्पेंद्र सिंह, अशोक हरसूले तथा शिवकुमार जाट और अन्य का समावेश है।

## देवी देवताओं पर अनर्गल पोस्ट करनवाला बैंक कर्मी गिरफ्तार

**पांदुर्ना।** ग्राम तिगांव के युवाओं की शिकायत पर हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर लगातार अनर्गल पोस्ट करनेवाले युवक अर्जुन डेहरिया को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आज दोपहर ग्राम तिगांव के युवा सोनू राऊत, किसना वानखडे, नीरज वानखडे, बंडू वाल्के और अन्य ने थाना प्रभारी अजय मरकाम को बताया कि अर्जुन डेहरिया नामक युवक ग्राम तिगांव में इंडियन बैंक में अस्थायी तौर पर कार्य करता है और पांदुर्ना नगर के महावीर वार्ड का निवासी है। यह युवक बीते अनेक दिनों से सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं के विरूद्ध अनर्गल टिप्पणिया करता फिर रहा है। इसके साथ ही युवाओं ने बताया कि युवक के धार्मिक पोस्ट से हिंदू धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो रही है और शांति भंग की स्थिति निर्मित हो सकती है। पुलिस ने पोस्टकर्ता युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



## दिवंगत बच्चों को श्रद्धांजलि के बाद स्पर्धा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वेकोली पेंच क्षेत्र प्रबंधन द्वारा किडनी फेलियर से दिवंगत हुए बच्चों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई । जिसके बाद अंतर क्षेत्रीय बेड मिंटन स्पर्धा का शुभारम्भ हुआ । महाप्रबंधक अनूप हंजूरा के नेतृत्व अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता वेस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड 2025 - 26 का आयोजन पेंच क्षेत्र में मंगलवार 07 को पेंचस्टाफ क्लब परासिया में महाप्रबंधक अनूप हंजूरा के हस्ते हुआ । ध्वजारोहण एवं कार्पोरेट गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई ।इसके उपरांत महाप्रबंधक श्री हंजूरा ने सभी क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । महाप्रबंधक के साथ क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक पेंच क्षेत्र वाय.शशिधर , प्रबंधक (मा. सं.) प्रशासन एस. के. लड्डा , क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य , रोहितास वर्मा , अशोक डोंगरे , मंगेश मुंद्रेकर एवं क्षेत्रीय समन्वय समिति सदस्य राजेश सूर्यवंशी , बीएमएस महामंत्री पेंच कन्हान क्षेत्र निखिलेश राहा , वेकोलि के विभिन्न क्षेत्रों से आए टीम मैनेजर और खिलाड़ी उपस्थित रहें ।

## डिप्टी कलेक्टर बने विक्रम देव सरेयाम का सत्कार

**पांदुर्ना।** आज स्थानीय प्रयास अकादमी में ग्राम गोविंदपुर घोघरी विकासखंड पांदुर्ना निवासी विक्रम देव सरेयाम, इनके पिता देवराव और माता रामप्यारीबाई का सत्कार किया गया। यह सत्कार समारोह आदिवासी अधिकारी कर्मचारी संगठन आकास और पटवारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। पटवारी संघ द्वारा डिप्टी कलेक्टर के चयनित पांदुर्ना निवासी विक्रम देव सरेयाम को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर विक्रम देव सरेयाम द्वारा एमपीपीएससी परीक्षा में सफलता के विषय पर प्रयास एकेडमी के छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## वार्डों में किया बच्चों का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



ग्राम पंचायत भमोडी में प्रशासन के निर्देश के तहत पटवारी , एएनएम, आशा कार्यकर्ता, सहयोगिनी की बैठक लेकर वार्डो में बच्चों का सर्वे तथा प्रतिबंधित दवा का उपयोग नहीं हो इसे सुनिश्चित करने के लिए घरों में जाकर सर्वे तथा 5 वर्ष तक के बच्चों को बिना चिकित्सक की सलाह के कफ सिरप दवा नहीं पिलाने की समझाइश दी गई। बच्चों को पिलाए जाने वाले अन्य सिरप के बारे में जानकारी का दस्तावेजीकरण किया गया। सर्वे टीम में सरपंच विपिन श्रीवास्तव, सचिव राजेश सेगर, पटवारी शिवानी सोनी, स्वास्थ्य एमपीडब्ल्यू विशाल लाउटरे, आशा सहयोगिनी गीता मारवाड़, आशा कार्यकर्ता पुष्पा भारती, मीणा बावरिया, अमरावती गौतम, रेखा विश्वकर्मा तथा एएनएम उषा काको, पंच पुनीत पुरी सागर सूर्यवंशी शामिल रहे।

## बरारिया की अभिनव पहल: मंगलवार पंचायत आपके द्वारा मूलभूत सुविधाएं और व्यक्तिगत लाभ दिलाने गांव में दस्तक

**परासिया:** केंद्र और प्रदेश शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंच पा रहा है ,कौन से हितग्राही इन योजनाओं से वंचित रह गए हैं,उन्हें कैसे लाभ दिलाया जाएगा इन सभी सवालों को लेकर ग्राम पंचायत बरारिया के सरपंच मोहन कहार में मंगलवार को पंचायत आपके द्वारा अभिनव पहल के माध्यम से ग्राम पंचायत बरारिया वार्ड क्रमांक 10 मसानगंज कै ग्रामीण कै घर जाकर उनसे समस्याएं सुनी और हल करने का आश्वासन दिया, इसके अलावा गांव की मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रभावी कदम उठाने की बात कही।ग्राम पंचायत बरारिया में सरपंच पद निर्वाचित होने के बाद उन्होंने ग्रामीणों की हर मूलभूत,सुविधाऐ का निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का वादा किया था, इसी उद्देश्य उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत हर मंगलवार पंचायत आपके द्वार से किया था, जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और वार्ड पच गांव के हर वार्ड में पहुंचेंगे और शासन की योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे, वहीं मूलभूत सुविधाओं कै निराकरण की कार्य योजना बनाएंगे।इसी कड़ी में मंगलवार को सरपंच मोहन कहार ने वार्ड क्रमांक 10 में पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की जिसमें किसान सम्मान योजना ,पीएम आवास योजना लाडली बहना योजना,पेंशन योजना ,सड़क पानी बिजली,स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों से चर्चा कर तत्काल निराकरण करने की बात कही। वार्ड वासियो ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर अपने वार्ड और व्यक्तिगत समस्याएं रखी।सरपंच मोहन कहार ने बताया कि मंगलवार आपके द्वार इस अभियान के अंतर्गत वे सीधे ग्रामीणों से संपर्क कर उनकी समस्या सुनकर निदान करने के लिए संकल्पित है।

## होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक शिविर संपन्न

**जुन्नारदेव** :प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर, 2024 से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक 100 दिवस में सेवा के 100 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन के तहत ग्राम खिड़की कनेरी में उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार राम एवं उनके स्टाफ द्वारा 20 वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न किया गया। जिसके अंतर्गत 102 पुरुष एवं 92 स्त्री कुल 194 ग्रामवासियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाकर स्वस्थ रहने का विशेष महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। साथ में स्त्री रोग एवं सीकल सेल एनीमिया अभियान के तहत भी ग्रामीणवासियों को जागरूक किया गया।



### आज रहेगी नगर की बिजली बंद

**जुन्नारदेव-** : नगर के विभिन्न वार्डों में आज सुबह 10:00 बजे से 4:00 बजे तक बिजली बंद रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा 11 के.व्ही. फीडरो का पोस्ट मानसून मेंटनेस का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण वितरण केन्द्र जुन्नारदेव अन्तर्गत आने वाले समस्त 11 के.व्ही फीडरो का पोस्ट मानसून मेंटनेस कार्य के चलते वार्ड न. 03.10, एवं वार्ड नं. 18 वार्ड नं. 11,12,13,14,15,16, 17,18 तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। इसी तरह 09 तारीख को ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 10:00 से4:00 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

## शान्ति नगर किरनापुर में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य मे हुआ श्याम भजन



**किरनापुर।** शान्ति नगर किरनापुर में सुरेश चित्रीव सोनी के निज निवास पर शरद पूर्णिमा के अवसर पर सोनाली नागेश्वर बालाघाट और पियूष भवसार इंदौर के द्वारा श्याम 7.30 बजे से एक कदम सनातन की ओर भजन का कार्यक्रम मे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. बाबा श्याम की प्रतिमा को सफेद फूलों, झालरों और दीपों से भव्य रूप में सजाया गया. सुबह से भक्त दर्शन के लिए पहुंचे और परिसर भक्ति और उल्लास से जगमगाया. महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। मध्य रात्रि को बाबा श्याम को खीर का भोग लगाया गया, जिसे प्रसाद के रूप में वितरित किया गया. और भक्तों ने भजन-कीर्तन व कीर्तन में भाग लिया।

### बालक वर्ग में लांजी के देवेंद्र गोधूले, बालिका वर्ग में बालाघाट की पायल लिल्हारे ने पाया प्रथम स्थान

## वन्यजीव संरक्षण सप्ताह अंतर्गत मैराथन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



वन्यजीव सप्ताह के तहत पूरे भारत में मैराथन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है, इसी तरह बालाघाट जिले की लांजी तहसील में 7 अक्टूबर को वन्यजीव संरक्षण सप्ताह अंतर्गत मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मैराथन प्रतियोगिता नगर के रानी अवंतीबाई स्टेडियम से कटंगनाला तक आयोजित की गई थी जिसमें कुल 135 बालक-बालिका प्रतिभागी जो लांजी सहित आसपास के क्षेत्र एवं बालाघाट मुख्यालय से आए थे जिन्होने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है की वन्य जीव संरक्षण सप्ताह 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर के उपलक्ष्य में वनमंडल अधिकारी दक्षिण सामान्य बालाघाट के निर्देशन में वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य द्वारा आयोजित किया गया था जिसके अंतिम दिन 7 अक्टूबर को मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उक्त आयोजन लांजी के रानी अवंती बाई स्टेडियम से बकरामुंडी कटंगनाला तक 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ कराकर किया गया जिसमें 135 प्रतिभागियों बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय तक विजेता प्रतिभागी को विभाग द्वारा नगद पुरस्कृत राशि एवं मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वन विभाग द्वारा आयोजित मैराथन का उद्देश्य आम जनता में वन्यजीवों और प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके साथ ही इन आयोजनों का मुख्य लक्ष्य आम जनता को वन्यजीवों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में संवेदनशील बनाना भी है। यह मैराथन जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को बढ़ावा देने का भी एक माध्यम हैं। तथा ऐसे मैराथन आयोजन वन कर्मचारियों के लिए फिटनेस और स्वास्थ्य का संदेश भी देती हैं।

वनविभाग द्वारा आयोजित मैराथन प्रतियोगिता में बालक वर्ग विजेता प्रतिभागी देवेंद्र गोदुले लांजी, द्वितीय दीपांशु नागौशे कटंगी, तृतीय राकेश क्षीरसागर बालाघाट ने बाजी मारी। वहीं बालिका वर्ग विजेता प्रतिभागी में प्रथम पायल लिल्हारे बालाघाट, द्वितीय शशिकला भटेरे सिर्री, तृतीय स्थान रिया नागफा शे सिवनी खुर्द ने हासिल किया। सभी विजेता प्रतियोगियों को विधायक राजकुमार कर्राहे एवं एसडीओ राकेश अड़कने द्वारा नगद पुरस्कृत राशि एवं मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गई। मुख्य अतिथि विधायक श्री कर्राहे ने कहा की ऐसे आयोजनों से खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन होता है और वे वन्यजीव एवं प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक होते है।

मैराथन प्रतियोगिता के अवसर पर नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा वनविभाग की ओर से राकेश अड़कने उपवनमंडल अधिकारी लांजी (सा.), सपन ताम्रकार परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम लांजी (सा.), श्यामलाल चिचले, आर.के सोनवाने उपवन क्षेत्रपाल, संजय विश्वकर्मा, अमोल सिंह धुर्वे, पवन पटले वनपाल, करीम खान, अमरदीप गजभिये, अमरनाथ नंदा, भरतलाल नेवारे, विशाल आसटकर, अभिषेक सोनी, राजेंद्रनाथ बडगुजर, सुखदेव मरकाम, नकुल वरकड़े, गुलशन विजयवार वनरक्षक एवं नरेंद्र बड़घैया बाबू के अलावा समस्त सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।

### भरतनाट्यम नृत्यांगना रितिका जैन व नन्हें कलाकार देंगे विशेष प्रस्तुति

## रंगारंग कार्यक्रम में गीतों व नृत्य की होगी बरसात



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सुपरहिट फिल्म ऑखे के सुप्रसिद्ध अभिनेता चंकी पांडे का आज 8 अक्टूबर को वारासिवनी के सिविल क्लब मैदान में आगमन हो रहा हैं। नव दुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब वारासिवनी द्वारा आयोजित रंगारंग आर्केस्ट्रा के कार्यक्रम में चंकी पांडे अपने अभिनय का जौहर बिखेरते हुए हास्य, व्यंग्य की शानदार प्रस्तुति देगे।

नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब वारासिवनी के अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने बताया कि इस शानदार कार्यक्रम में फिल्म वार 2 में अपनी गायकी का जादू बिखेरने वाले प्रसिद्ध गायक साज भट्ट, इंडियल आईडल की विजेता दीक्षा टूर एवं इंडियन आईडल में भाग लेने वाले गायक गायिकायें अपनी जादुई आवाज में एक से बढ़ कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को सम्मोहित कर देगे।

श्री कछवाहा ने बताया कि इस कार्यक्रम में वारासिवनी नगर की प्रसिद्ध नृत्यांगना व खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से भरतनाट्यम में पारंगत नगर की बिटिया सुश्री रितिका जैन अपने साथी नन्हें मुन्ने कलाकारों के साथ गणेश वंदना एवं नृत्य बेहतरीन प्रस्तुति देगी। इस कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियॉ लगभग पूर्ण हो चुकी हैं।

नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब वारासिवनी में पूरे नौ दिनों तक शारदेय नवरात्र में मातारानी की आराधना विधि विधान के साथ की गई। इस मौके पर एक लकी ड्रा कूपन रखा गया है। जिसमें भक्तों ने अपनी किस्मत आजमाने के लिए कूपन खरीदे है। जिसका लकी ड्रा 8 अक्टूबर को खोला जाएगा। यह कार्यक्रम फिल्म अभिनेता चंकी पांडे के मुख्य आतिथ्य में होगा। 8 अक्टूबर को आयोजित आर्केस्ट्रा में वार 2 फिल्म के गायक साज भट्ट, इंडियन आईडल की विजेता दीक्षा टूर एवं अन्य इंडियन आइडल के गायक सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे।

श्री कछवाहा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी लकी ड्रा कूपन योजना समिति की ओर से रखी गई हैं। जिसका ड्रा भी 8 अक्टूबर को कार्यक्रम के दौरान ही निकाला जायेगा। इससे मातारानी के भक्तों की किस्मत चमकेगी। इस ड्रा में पहला पुरस्कार हीरो एक्सट्रीम स्पोर्ट बाईक, दूसरा इनाम न्यू हीरो डेस्टिनी 125, तीसरा इनाम एलईडी एल जी, चौथा इनाम फ्रिज 180 लीटर, पॉचवा इनाम वाशिंग मशीन के साथ कूपन के अंतिम तीन अंकों पर भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जायेगे। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से पहुंचने की श्री कछवाहा ने अपील की गई हैं।

### आवारी टोला महाराष्ट्र आमगांव ने जीता प्रथम पुरस्कार

## मोहझरी में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** ग्राम मोहझरी, तहसील लांजी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी पर्व से कबड्डी प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हुआ, जिसका समापन शरद पूर्णिमा को धूमधाम से किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि अजय अवसरे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, ₹खेल हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक एकता व अनुशासन की भावना भी जागृत करते हैं। प्रतियोगिता में आवारीटोला को टॉप बेकर्स भानेगांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल करने पर कप और समिति द्वारा 9,999 रुपये नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं द्वितीय स्थान मोहझरी को प्राप्त करने पर रवि फिलेक्स भानेगांव ने ट्राफी व समिति द्वारा 5,555 रुपये नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता में समिति के सदस्यों संतोष नाकतोड़े, के.के. रावते, गजेंद्र अवसरे, अखिलेश नाकतोड़े, हेमंत उरकुड़े, शुभम नखाते, हेमंत नखाते, बल्ला उरकुड़े, विशाल रावते, दुर्गेश अवसरे, देवा रावते, रितेश मिसारे, गौरव नखाते, शुभम अवसरे, पवन पारधी, नरेश बागड़े, महेश भागड़कर, कैलाश मिसारे, राजा अवसरे, महेंद्र भूते आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में खेल भावना को बढ़ावा देने और युवाओं को प्रोत्साहित करने का एक शानदार उदाहरण रहा। दर्शकों की भारी भीड़ और उत्साह ने इस प्रतियोगिता को और भी यादगार बना दिया।

### आर.के.कठाने एवं राजकपुर कामडे द्वारा मुंबई चैत्यभूमी में आयोजित केन्द्रीय शिक्षक शिविर में अर्जित की सफलता

## दि बुद्धिस्ट सोसा.आफ इंडिया केन्द्रीय शाखा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च सामाजिक धार्मिक संस्था जिसके राष्टीय ट्रस्टी एवं कार्याध्यक्ष बोधिसत्व डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर जी के पौत्र डॉ.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर मुंबई है,ऐसी राष्टीय धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया की केन्द्रीय शाखा द्वारा चैत्यभूमि मुंबई द्वारा केन्द्रीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर एवं परीक्षा का आयोजन 22 सितंबर से 2 अक्टुबर 2025 तक किया गया। उक्त शिविर में शामिल होने के लिये पूरे देश से हजारो की संख्या में पदाधिकारीयों ने इंट्रेस एक्जाम दि थी,उसमें प्रवेश केवल 50 उत्तीर्ण पदाधिकारियों को दिया गया था। शिविर में शामिल करने हेतु मध्यप्रदेश राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी, महामंत्री उत्तम प्रधान इंदौर द्वारा केन्द्रीय शाखा को मप्र एवं बालाघाट, इंदौर जिले के शिविरार्थीयों की अनुशंसा की गई थी। बालाघाट जिले के आर.के.कठाने प्रदेश सचिव, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्या. सचिव इंदौर,से आनंदा शेगोकार, सतीश चितावले, लक्ष्मण गवांदे, बैतुल के प्रेमलाल आंबुलकर, किशोर कुमार पाटिल, ग्वालीयर के रामचरण बौद्ध एवं अन्य द्वारा चैत्यभूमि मुंबई में 10 दिवस आवासीय श्रामनेर,केन्द्रीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न 42 विषयों पर प्रशिक्षण लेकर परीक्षा उत्तीर्ण कर केन्द्रीय शिक्षक बन गये। परीक्षा उत्तीर्ण के बाद सभी को डॉ.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब एवं केन्द्रीय कार्यालय प्रमुख एड.एस.के.भंडारे के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र बोधिसत्व बाबा साहेब के छोटे पौत्र इंजीनियर आनंदराज आंबेडकर के हस्ते वितरित किये गये। सभी शिविरार्थीयों को केन्द्रीय शाखा के डॉ.एड.जगदीश गवई सर राष्टीय उपाध्यक्ष, बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव, डॉ.एड.एस.एस.वानखेडे राष्टीय सचिव, एम.डी.सरोदे गुरूजी उप प्रमुख प्रशिक्षण विभाग,सुषमा ताई पवार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अशोक केदारे महामंत्री महाराष्ट्र,सुषमा ताई पंवार राष्टीय उपाध्यक्ष वैशाली ताई अहिरे,सुप्रिया ताई कासारे, बी.एम.काम्बले राष्टीय सचिव, सी बी तेलतुमड़े राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष,डॉ.राजेश पवार राष्ट्रीय सचिव,रविन्द्र गवई,अनिल मनोहर सचिव प्रशिक्षण विभाग, डी.एम.आचार्य गुरुजी असिस्टेंट स्टाफ ऑफिसर SSD आदि ने प्रशिक्षण दिया।भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा 24 प्रकार के शिविरों के माध्यम से आदर्श बौद्ध समाज निर्माण का निरंतर किया जा रहा है,इन शिविरो में सबसे महत्वपूर्ण एवं जवाबदारी तथा चुनौती पूर्ण शिविर केंद्रीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर एवं केंद्रीय शिक्षक का पद होता है जिसके माध्यम से समाज में फैली अंधश्रद्धा पाखंडवाद यज्ञ हवन बलि एवं बुवाबाजी जैसे आडंबर को खत्म करके समाज को बुद्ध का सत्य मार्ग शील सम्पन्न सदाचरण और धम्म के आचार सहिता के साथ जीवन जीने का मार्ग बताना है तो इस नई पारी की शुरुआत के लिए आप आपको केंद्रीय शिक्षक बनने पर बहुत बहुत मंगलकामनाएं एवं नए चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए हार्दिक शुभेच्छा,सभी को सफलता के लिए डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मप्र,एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष बालाघाट, धमेन्द्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव, हेमलता ताई डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रमीलाताई चौहान कोषाध्यक्ष, खुशीयाल मेश्राम जिला उपाध्यक्ष, शैलेष सुखदेवे जिला उपाध्यक्ष, सुधा मेश्राम, शीतल खोंब्रागडे,पूर्णिमा गनवीर, अमित वैध,आनंद वैध, एन.के.मेश्राम, कांटेक्टर, आर.डी.बंसोड अध्यक्ष,अभिराज मेश्राम महामंत्री वारासिवनी, प्रमोद कुमार भिमटे अध्यक्ष लांजी, दुरेन्द्र सावनकर अध्यक्ष किरनापुर, कैलाश भोरजार अध्यक्ष खैरलांजी, प्रहलाद मेश्राम अध्यक्ष लालबर्रा, गणेश मंडेलकर परसवाडा, आर.डी.देशभ्रतार एवं के.आर. सोनटके बैहर आदि द्वारा उन्हे ढेर सारी शुभकामनाएं देकर उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।



## खबर संक्षेप

### बजरंग व्यायाम शाला धनौरा के तत्वाधान में विशाल इनामी दंगल का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज धनोरा।** जिला के अंतर्गत आने वाले आदिवासी बहुल क्षेत्र धनोरा मुख्यालय में बजरंग व्यायाम शाला के द्वारा शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सिवनी, छिंदवाड़ा मंडला ,बैतूल , जबलपुर, झाँसी, महाराष्ट्र एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्र के पहलवानो को आमंत्रित किया गया है इस दंगल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते लखनादौन विधायक योगेंद्र सिंह बाबा केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह की उपस्तिथि में संपन्न होगा। बजरंग व्यायाम शाला समिति द्वारा दंगल में ज्यादा से ज्यादा जनसँख्या में लोगों को आने की अपील की गई है।

# करवा चौथ: महिलाएं बाजार में पहुंच रही साड़ी खरीदने, ब्यूटी पार्लरों पर भी बुकिंग

**बाजार में आई रौनक, अच्छे व्यापार की उम्मीद, पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत**

**करवा चौथ पर्व को लेकर बाजारों में रौनक लौट आई है। महिलाएं साडि़यों की खरीदारी करने में व्यस्त हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



साड़ी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। साथ ही ब्यूटी पार्लर भी अभी से बुक हो गए हैं। जगह-जगह करवा, छलनी सहित पूजन की सामग्री की दुकानें भी लगी हैं।
जानकारी के अनुसार इस बार जॉर्जेट, सिल्क साडि़यों की डिमांड सबसे ज्यादा है। साड़ी व्यापारी ने बताया कि करवा चौथ के अवसर पर हर साल महिलाएं नई साड़ी खरीदती हैं। इस बार सिल्क, जॉर्जेट साडि़यों की बिक्री अधिक हो रही है। वहीं, डिजाइनर ब्लाउज और आधुनिक पैटर्न की साडि़यों का ट्रेंड हैं। करवा चौथ के कुछ दिनों पहले से ही ग्राहकी को देखते हुए दुकानदार अच्छे व्यापार की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा जनरल स्टोर्स से महिलाएं चूडि़यां, मेंहदी और श्रंगार का सामान खरीद रही हैं।

#### ब्यूटी पार्लरों की हुई बुकिंग

करवा चौथ पर महिलाएं श्रंगार करती हैं और इसके लिए वह ब्यूटी पार्लर जाती हैं। त्योहार के दिन ज्यादा भीड़ में परेशानी न हो इसके लिए पहले ही ब्यूटी पार्लर की बुकिंग कर ली गई है। ब्यूटी पार्लर संचालकों के अनुसार ब्राइडल टचअप और ट्रेडिशनल लुक वाले मेकअप की मांग ज्यादा है।

#### सराफा बाजार भी चमका

करवा चौथ पर पत्नियों को उपहार के रूप में सोने, चांदी के आभूषणों की भी खरीदी हो रही है। इसके लिए दुकानदारों ने कम वजन वाली अंगूठी, हार, पायल, चूड़ी तैयार कराए हैं, जो लोगों को पसंद आ रहे हैं।



## भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किया गया सायबर सतर्कता रथ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सिवनी में मंगलवार को सायबर सुरक्षा जागरूकता के तहत सायबर सतर्कता रथ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आदरणीय सीएसपी मैडम पूजा पांडे ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
यह रथ आगामी दो दिवस तक सिवनी शहर के प्रमुख स्थलों शुक्रवारी चौक, गणेश चौक, छिंदवाड़ा चौक, लूघरवाड़ा तथा बरघाट नाका आदि स्थानों पर भ्रमण करेगा। रथ का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सायबर अपराधों से बचाव एवं सुरक्षा के उपायों की जानकारी प्रदान करना है।
कार्यक्रम में सीएसपी पूजा पांडे ने बैंक द्वारा किए जा रहे जनजागरूकता प्रयासों की सराहना की। मुख्य प्रबंधक शशिकांत कलसुले ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबंधक प्रवीण कुमार दिसोरिया, प्रबंधक सुरेश कुमार, शांतनु कुमार, सुश्री चेताली एवं सुश्री चित्रा सहित बैंक का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## केवलारी मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यता अभियान की शुरुआत





**केवलारी** / मध्य प्रदेश श्रमजीवी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया एवं संघक के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष मनीष जैन के मार्गनिर्देशन में ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष रफीक खान,संघ के जिला उपाध्यक्ष सुधीर पांडे,वरिष्ठ पत्रकार दिलीप दुबे राकेश आत्मपूज्य के विशिष्ट आतिथ्य में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, केवलारी ब्लॉक इकाई की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संघ के नवीन सदस्यता एवं नवीनीकरण फॉर्म के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए शीघ्र ही इन सदस्यता फॉर्म को ब्लॉक अध्यक्ष के पास जमा करने की चर्चा की गई। म प्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक केवलारी के अंतर्गत श्रमजीवी प्रकाश संघ के सभी वरिष्ठ कनिष्ठ पत्रकार साथियों के साथ उनके कार्य स्थल में कार्य करने के दौरान आने वाली परेशानियों एवं दिक्कतों के निराकरण के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जनहित के जन समस्याओं के मुददों को पूरे सबूत एवं सच्चाई के साथ मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों को आम जनता के जीवन मे आने वाली जन समस्याओं से रूबरू करने का भरसक प्रयास करने की भी अपील की गई। निष्पक्ष निडरता, सच्चाई के साथ पत्रकारिता करने की अपील उपस्थित पत्रकार बंधुओ से की गयी।वरिष्ठ पत्रकारों ने मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सलाहकार अधिवक्ता पवन यादव प्रदीप तिवारी , प्रवीण दुबे, स्वप्निल उपाध्याय, राजदीप राहांगडाले मुकेश चौरसिया,विनोद सिसोदिया महेंद्र यादव, कृष्ण कुमार प्रजापति, सदर खान, पवन बघेल,सियाराम ठाकुर, श्रीमती जमुना अहिरवार, रमाकांत त्रिपाठी, प्रीतम पाल धर्मचंद जैन आदि उपस्थित थे इस अवसर पर सदस्यता फॉर्म वितरित किए गए।

# गुरुकृपा मेडिकल एजेंसी से अमानक सिरप की 134 शीशियां जब्त, स्टॉकिस्ट को लौटाई गईं

**औषधि निरीक्षक सिवनी ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले में बच्चों की मौत के बाद जांच में दो कफ सिरप अवमानक पाए जाने के उपरांत सिवनी जिले में सोमवार की रात देर तक औषधि निरीक्षक दल ने जांच अभियान चलाया। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा गठित निरीक्षण दल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में दवा दुकानों का निरीक्षण किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि छिंदवाड़ा से जांच के लिए भेजे गए 13 दवाओं के सैम्पल में से वयस्कों में उपयोग होने वाली दो सिरप मंधौल सिरप (रिलाइफ) तथा रेसफिकेश टीआर सिरप अवमानक पाई गई हैं। कार्रवाई के दौरान निरीक्षण दल ने फिक्स डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) वाली सिरप के छह सैम्पल भी लिए। अमानक पाई गई सिरप के दो स्टॉकिस्ट सिवनी में पाए गए। रिलाइफ सिरप का स्टॉकिस्ट नहीं मिला जबकि रेसफिकेश टीआर का स्टॉकिस्ट गुरुकृपा मेडिकल एजेंसी और हेमंत ड्रग्स पाया गया। गुरुकृपा मेडिकल एजेंसी के यहां 134 शीशियां मिलीं, जिन्हें जब्ती बनाकर निर्माता कंपनी को लौटाने और बिक्री बंद करने के निर्देश दिए गए। हेमंत ड्रग्स के पास स्टॉक नहीं पाया गया, परंतु उसने यह सिरप कई रिटेल दुकानों को बेचा था। सभी रिटेल दुकानों को स्टॉक वापसी और विक्रय रोकने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए क्लोफेनियमाइन मेलीएट 2 मि.ग्रा. और फिनाइलफ्रिन हाइड्रोक्लोराइड 5 मि.ग्रा. फार्मूले वाली दवाओं के एफडीसी उपयोग पर चेतावनी अंकित करना अनिवार्य किया गया है। इसी लेबलिंग की जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिन उत्पादों पर यह चेतावनी अंकित नहीं पाई जा रही, उन्हें निर्माता कंपनियों को लौटाने के निर्देश दिए गए हैं।

## चोर- गद्दी छोड़ का हस्ताक्षर अभियान को लेकर सेक्टर मंडलम अध्यक्षो की बैठक आयोजित



केवलारी- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस के मुख्य आतिथ्य , रमाशंकर महोबिया अभियान प्रभारी, मुकेश सिंह राजपूत सह प्रभारी के नेतृत्व मे आयोजित की गयी। बैठक मे मुख्य रूप से उपास्तिथ सुभाष बघेल, नीलेश अवधिया, मोहन धुर्वे मंडलम अध्यक्षो, रुपलाल नामदेव, राजकुमार मरकाम, मुरतसिंह राजपूत, राजकुमार झारिया, शेख सफी भाईजान, सुरज लाल खुरसंगे, श्याम बाबू झारिया, कन्हैया यादव, तोप सिंह चंदेल,चंद्र कुमार बघेल, गंगा प्रसाद साहू, बसंत चंदेल, फिरदौस खान सेक्टर अध्यक्षों के अलावा पप्पू यादव,अभय अग्रवाल, मनीष अवस्थी,आनंद चिंटु कौशल, मुकेश ठाकुर, गिरीश गजेंद्र अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की उपास्तिथी रही। जिसमें बताया गया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी कर भाजपा के सत्ता हासिल करने का पर्दाफाश किया हे।निष्पक्ष चुनाव, पारदर्शी वोटालिस्ट का निर्माण हो इसके लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान का प्रोफार्मा बुथ स्तर पर हस्ताक्षर कराये जाने के लिए वितरित किया गया।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया जनसुनवाई



**जिला भाजपा कार्यालय मे आयोजित परिचय एवं सम्मान कार्यक्रम मे किया सहभागिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मंगलवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने कार्यालय में अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय मे प्रातः 11 बजे से जन सुनवाई किया। तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे से महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय सिवनी में आयोजित सिवनी विधानसभा के उत्तर मंडल, दक्षिण मंडल, बीजादेवरी मंडल, करकोटी मंडल एवं लखनवाड़ा मंडल का परिचय एवं सम्मान कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, मनोज मर्दन त्रिवेदी, डा. अभिजीत चौहान , आनंद शर्मा , गोपाल पवमें के साथ सहभागिता कर नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम श्री के करकमलों से मां भारती एवं महर्षि वाल्मीकि जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।कार्यक्रम के दौरान युवराज सिंह राहंगडाले अध्यक्ष उत्तर मंडल, अभिषेक दुबे अध्यक्ष दक्षिण मंडल, रामजी चंद्रवंशी अध्यक्ष करकोटी मंडल, जयदीप ठाकुर अध्यक्ष बंडोल मंडल, श्री शंकरलाल उट्टी अध्यक्ष मंडल बीजादेवरी,नीतेश सनोडिया अध्यक्ष मंडल लखनवाड़ा सहित पदाधिकारियों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन का फूलमालाओं से स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों एवं देवतुल्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।



### कांग्रेस ने जहरीला कफ सीरप पीने से कालकवलित हुए 16 नवनिहालो को श्रद्धांजलि दी

**सिवनी।** जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में पड़ोसी जिला छिन्दवाड़ा के परासिया में जहरीला कफ सीरप पीने से कालकवलित हो चुके 16 नवनिहालो को श्रद्धांजलि दी गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने शोक संतृप्त परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहां की यह जहरीले कफ सीरप से जिन परिवारों के नवनिहालो की मृत्यु हुई है उन परिवारों को प्रदेश की भाजपा सरकार को एक-एक करोड़ रूपय मुआवजे के रूप में दिया जाना चाहिये, जिन बच्चों की मृत्यु हुई है उनकी कमी तो एक एक करोड़ से पूरा करना असंभव है किन्तु सरकार को अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन अविलंब करना चाहिये। ज्ञात हो कि प्रदेश में भाजपा सरकार के संरक्षण में नित्य नये नये कीर्तिमान तो गढ़े जा रहें है किन्तु स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति इतनी गंभीर उदासीनता प्रदेश में डॉ. मोहन सरकार की कौन सी कीर्तिमान में गिना जाए, जिनके संरक्षण में दवॉ कम्पनियॉ लोगो के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ करने से नही चूक रही है जिसके चलते अनेक परिवारो से उनके नवनिहाल छीन लिये।श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी, पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल, हाजी मो.असलम खान, शिव सनोडिया, विष्णु करोसिया, घनश्याम सनोडिया, रत्नेश चौकसे, विनोद यादव, नन्दू यादव, संजय बैस, प्रकाश सूर्यवंशी, ददुआ पटेल, शिवदीप डहेरिया, धनंजय सिंह, जयप्रकाश सिंह ठाकुर, आदित्य मोन्टू भूरा, सिद्धू लाहोरी सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिती रही।

# कोर जोन में सफारी शुरू

## तीन माह बाद पार्क में छाई रौनक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पेंच टाइगर रिजर्व एक बार फिर से पर्यटकों से गुलजार हो गया है। आासपास चहल-पहल बढ़ गई। बाघों की आबादी, हरियाली, घास के मैदान और वन्यजीवों की विविधता के लिए जाने जाना वाला पेंच टाइगर रिजर्व के कोर जोन के तीनों गेट (तुरिया, कमरझिरी और जमतरा) बुधवार से खुल गए। नवरात्रि के पावन पर्व पर नवमी के दिन पेंच टाइगर रिजर्व का शुभारंभ एक विशेष परंपरा के साथ किया गया। सभी प्रवेश द्वारों पर कन्याओं ने पूजन किया। जिसने इस सीजन की शुरुआत को और भी पावन बना दिया। यह अवसर हमें स्मरण कराता है कि जैसे नारी शक्ति जीवन को संवारती है, वैसे ही प्रकृति का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। संरक्षण तभी सफल होता है जब समाज, संस्कृति और समुदाय एक साथ आगे बढ़ते हैं। पेंच प्रबंधन ने 'बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ' को आगे बढ़ाते हुए 'बेटी को दुनिया की सैर कराओ' थीम के अंतर्गत आसपास के गांवों की बेटियों को जंगल सफारी भी कराई एवं उन्हें जंगल से जुड़ी जानकारी दी। इससे पहले बेटियों ने पूजन के बाद फीता काटकर शुभारंभ किया। पेंच में जंगल सफारी के दौरान बेटियों के चेहरे खुशी से खिल गए। तुरिया, करमाझिरी, खवासा, जमतरा में 4-4 सफारी एवं तेलिया, रूखड़, मसूरनाला में दो-दो गाडि़यों से बेटियों को टाइगर सफारी कराई गई। हर गेट पर पेंच टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

**बाघ देखकर रोमांचित हुए पर्यटक**
पेंच टाइगर रिजर्व के कोर जोन में बुधवार सुबह जंगल सफारी के दौरान कई पर्यटकों को बाघ का दीदार हुआ। पर्यटक बाघ देखकर रोमांचित हो उठे। उन्होंने रोमांच से भले पल को अपने कैमरे में कैद किया।

#### नए वर्ष की भी शुरु हुई बुकिंग

पेंच टाइगर रिजर्व के कोर जोन में जंगल सफारी को लेकर देशी-विदेशी पर्यटक उत्साहित हैं। अक्टूबर माह के अधिकतर दिनों में बुकिंग फुल हो गई है। वहीं नए वर्ष पर भी पर्यटक एडवांस बुकिंग करा रहे हैं।

#### शुल्क कम होने की थी उम्मीद

पेंच टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी करने पहुंचे पर्यटकों की बढ़े हुए शुल्क को लेकर मिली जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। कुछ पर्यटकों का कहना था कि तीन वर्ष बाद शुल्क में थोड़ी वृद्धि की गई है। इससे कोई खास परेशानी नहीं है। वहीं कुछ पर्यटक का कहना था कि पहले से ही शुल्क महंगा था। कम होने की जगह बढ़ा दी गई। बता दें कि शासन ने 10 प्रतिशत शुल्क में बढ़ोतरी की है।

#### जुलाई से सितंबर तक गेट था बंद

पेंच टाइगर रिजर्व के कोर जोन में जुलाई, अगस्त, सितंबर में जंगल सफारी नहीं कराई जाती है। बफर जोन खुला रहता है। इसके बाद 1 अक्टूबर को कोर जोन का गेट खोला जाता है। यह पर्यटन वर्ष की शुरुआत भी होती है।

#### पेंच में कई नर और मादा बाघ

पेंच में मुख्य रूप से बंगाल टाइगर पाए जाते हैं, जो 'द जंगल बुक' में शेरखान का प्रेरणा स्त्रोत थे। पेंच टाइगर रिजर्व में कई नर और मादा बाघ हैं, जिनमें 'स्वस्तिक', 'त्रिशूल' जैसे प्रसिद्ध बाघ भी शामिल हैं, जिन्हें उनके शरीर पर बने विशिष्ट निशानों से पहचाना जाता है। 123 बाघ पेंच नेशनल पार्क का उपयोग करते हैं। 175 तेंदुआ हैं। इसके अलावा जंगली बिल्ली, भेडि़या, जंगली कुत्ता, शियार, हिरन, चीतल, काला हिरन, नेंवला सहित अन्य जीव-जन्तू हैं। 10 से अधिक हाथी से पेंच नेशनल पार्क की पेट्रोलिंग की जाती है।

# उत्साहपूर्ण अनुशासन में पथ संचलन सैकड़ों कार्यकर्ता बने हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारनाकला। ।

राष्टीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवको ने उत्साहपूर्ण अनुशासन मे पथ संचलन निकालते हुऐ घोष की धुन पर पूर्ण गणवेश मे कदमताल करते हुऐ सैकडो की तादाद स्वय सेवको ने नगर का भ्रमण कर पथ संचलन मे भाग लिया तथा बडी संख्या मे स्वयंसेवक इस की व्यवस्था मे लगे रहे पथ संचलन को देखने तथा स्वागत के लिये महिलाये पुष्प वर्षा करते हुऐ भी नजर आई तथा गली किनारे तथा छतो से महिलाओ ने पुष्प वर्षा कर पंथ संचलन मे शामिल स्वयंसेवको का जगह जगह पर स्वागत किया
यहा यह भी उल्लेखनीय है की पथ संचलन मे उपस्थित वक्ताओ ने संघ की स्थापना की आवश्यकताओ उद्देश्य व उसकी 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला वक्ताओं ने समाज व स्वयंसेवको से अपने जीवन मे पथ संचलन अपनाने का आव्हान करते हुऐ कहा की राष्ट्र के परम वैभव के अपने दैनिक जीवन मे सामाजिक समरसता पारिवारिक प्रबोधन पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाकर नागरिक अपने कर्तब्यो का पालन करे। यहा यह बताना भी लाजिमी है की स्वयंसेवको के पथ संचलन मे बालको से लेकर वयोवृद्ध स्वयंसेवको का उत्साहपूर्ण पथ संचलन और उत्साह देखते ही बन रहा था शताब्दी वर्ष की अनुभूति हर स्वयंसेवक मे न ई उर्जा व दायित्व का बोध करा रही थी पथ संचलन मे समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियो को आमंत्रित किया गया था जिन्होने अपने अपने विचार संघ के प्रति समर्पित करते हुऐ अपनी बात कही।

## सहेली के साथ मिलकर की हत्या, मुख्य आरोपी देवरानी समेत तीन लोग गिरफ्तार

# अवैध संबंधों को लेकर देवरानी ने कर दी जेठानी की हत्या

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के कुमनगांव में एक महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। यह मर्डर किसी और ने नहीं, बल्कि मृतका की देवरानी ने अपने पति के साथ अवैध संबंध होने के शक में अपनी सहेली के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने हत्या की मुख्य आरोपी देवरानी समेत कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

परसवाड़ा पुलिस के अनुसार, 3 अक्टूबर को कुमनगांव में घर के पास झाड़ियों में लेखवती यादव (30) का शव मिला था। जांच में पता चला कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी।

पुलिस ने इस अंधे हत्याकांड की जांच के लिए एसडीओपी अरविंद कुमार शाह के नेतृत्व में एक टीम गठित की। जांच के दौरान 100 से अधिक मोबाइल नंबरों की छानबीन और गोपनीय सूत्रों की मदद से पुलिस आखिरकार आरोपियों तक पहुंची।

एएसपी आदर्शकांत शुक्ला के मुताबिक, सुखिया उर्फ सविता पति नंदकिशोर यादव



(23) ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। सुखिया ने बताया कि उसे शक था कि उसके पति का जेठानी लेखवती के साथ अवैध संबंध है। इससे नाराज होकर और जेठानी को सबक सिखाने के लिए उसने हत्या की योजना बनाई।

योजना के तहत सुखिया ने अपनी सहेली भूरी उर्फ उर्मिला पिता अशोक मेरावी (18) के साथ मिलकर दशहरा के दिन 2 अक्टूबर को शाम 7 बजे लेखवती को मंदिर जाने के बहाने मुरम गढ्ढा के पास बुलाया। वहां पहुंचकर दोनों ने लेखवती की साड़ी के पल्लू से ही उसका गला घोंट दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद उन्होंने शव को झाड़ियों में फेंक दिया।

हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से सुखिया ने अपने एक परिचित बीजाटोला निवासी रविशंकर सोनवाने (26), के साथ मिलकर मृतका के मोबाइल को एक नाले में फेंक दिया और सीम कार्ड को पत्थर से तोड़ दिया।

पुलिस ने तीनों आरोपियों सुखिया उर्फ सविता, भूरी उर्फ उर्मिला और रविशंकर को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही गोताखोरों की मदद से नाले से मृतका का मोबाइल, सिम कार्ड और आरोपियों के मोबाइल तथा मोटर साइकिल बरामद कर लिया है। शुरुआत में आरोपी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करते रहे, लेकिन पुलिस टीम की गहन पूछताछ और जांच के कारण उन्हें सच बताना पड़ा।

## पुलिस, वन, खनिज, राजस्व का माफियाओं को खुला संरक्षण

# मैंगनीज माफिया धरती खोद कर निकाल रहे काला सोना

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की मायॅल नगरी तिरोड़ी में एक बार फिर से मैंगनीज माफिया सक्रिय हो गए है. इन दिनों माफिया मायॅल रेस्ट हाउस के पीछे हीरापुर बीट के कक्ष क्रमांक 771 में धरती का सीना छलनी कर अवैध तरीके से मैंगनीज यानी काला सोने का उत्खनन कर रहे है. मैंगनीज माफियाओं को कथित तौर पर पुलिस, वन, खनिज और राजस्व विभाग के अधिकारियों का अप्रत्यक्ष संरक्षण मिला हुआ है. जिस कारण यह अवैध कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंख बंद कर बैठे हुए है. विभागों के अधिकारियों से संरक्षण प्राप्त करने और उनके साथ उठक-बैठक करने के लिए मैंगनीज माफियाओं ने सत्ताधारी पार्टी की सदस्यता ले रही है जिसकी आड़ में पहले अफसरों से मेलजोल बढ़ाकर फिर बेहद आसानी से सांठ-गांठ कर अवैध उत्खनन कर रहे है. सफेदपोश माफियाओं के अवैध उत्खनन से न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि राजस्व की भी क्षति हो रही है. इससे इतर सत्ताधारी दल 'भाजपा' जिसके विधायक गौरव सिंह पारधी किसी भी प्रकार के अवैध उत्खनन के सख्त खिलाफ में रहते है उनकी छवि भी प्रभावित हो रही है क्योंकि मैंगनीज का अवैध दोहन करने वाले यह माफिया विधायक के तिरोड़ी पहुंचते ही उनके ईद-गिर्द घूमते हुए नजर आते है. खैर, विधायक की करीबी का फायदा उठाकर मैंगनीज माफियाओं का आतंक चरम पर है. मगर, शायद इस बात की भनक विधायक को भी नहीं है।

विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो मैंगनीज माफिया काफी लंबे समय से वन और राजस्व की भूमि पर अवैध तरीके से मैंगनीज का उत्खनन कर रहे है. यदाकदा जब वरिष्ट अधिकारियों तक अवैध खनन के मामले पहुंचते है तो स्थानीय अधिकारी कार्रवाई का ड्रामा करते है



लेकिन किसी भी माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करते. बीते कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो एक साफ दिखाई देता है कि हर बार कार्रवाई में केवल लावारिस स्थिति में मैंगनीज की जब्ती दर्शाई गई है. यानी अधिकारी कार्रवाई करने से पहले ही माफियाओं को सूचना देकर रवाना करने का काम करते है. बताया जाता है कि मैंगनीज माफियाओं ने थाने से लेकर फारेस्ट और राजस्व से लेकर खनिज विभाग का महीना बांध रखा है. हर महीने स्थानीय अधिकारियों को मोटी रकम पहुंचाई जाती है. माफिया सबसे मोटी रकम पुलिस को पहुंचाते है ऐसी चर्चाएं है. इसके बाद फॉरेस्ट फिर राजस्व और खनिज विभाग को अधिकारी की सक्रियता के हिसाब से दाम तय किए जाते है. जमीन खोदकर मैंगनीज का उत्खनन करने से कई बेशकीमती वृक्ष भी नष्ट किए जा रहे है. जहां से मैंगनीज का अवैध दोहन किया जा रहा है वहां बड़ी संख्या में वृक्षों को जमींदोज कर दिया गया है।

जनचर्चा है कि 18 सितंबर की रात्रि करीब 11 बजे सीतापठोर के पास वन विभाग के एक बड़े अधिकारी ने मैंगनीज का अवैध परिवहन करते हुए एक वाहन को पकड़ा था लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई बल्कि मामले को दबा दिया गया. आखिर ऐसा क्यों किया गया यह समझ से परे है।

## वन परिक्षेत्र बालाघाट, लौंगुर ने सयुंक्त रैली निकाली

# वन विभाग ने मनाया वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट के बालाघाट सामान्य। परिक्षेत्र अंतर्गत वन्य जीव संरक्षण सप्ताह 1 अक्टूबर से 07 अक्टूबर तक मनाया गया। वन्यनजीव सुरक्षा सप्ताह के दौरान निम्नानुसार जन जागरूकता हेतु वन एवं वन्य जीव संरक्षण संबंधी प्रचार-प्रसार, "Mission Life", "Say no to Plastic" और मानव वन्य जीव सहअस्तित्व के महत्व को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियां (जैसे रंगोली, चित्रकला, दीवार पर चित्रकारी, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी, समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। उक्ति प्रतियोगिताओं में केन्द्रीय विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट, सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । 7 अक्टूबर को वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वन परिक्षेत्र बालाघाट सामान्य एवं लौगुर सामान्य परिक्षेत्र के संयुक्त वन अमले द्वारा बाईक रैली निकालकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# वन रेंज खैरलांजी में मनाया वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह

### मिरगपुर पीएमश्री स्कूल में विधार्थीयो ने रगोंली बनाकर वन्य प्राणी संरक्षण के प्रति किया जागरूक



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** वन रेंज खैरलांजी सामान्य में वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक के मार्गदर्शन में मनाया गया ।इसी दरमियान वन अमले के द्वारा वन्य प्राणीयो के संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। और आमजनो से लेकर स्कूल के अध्ययनरत बच्चो को वन्य प्राणीयो का महत्व व पर्यावरण संरक्षण में उनके महत्व को विस्तृत रूप बताया गया। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के अंतिम दिवस वन परिक्षेत्र खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिरगपुर के पीएमश्री उच्च.माध्य विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के अध्ययनरत छात्र छात्राओ को वन्य प्राणी एंव वनो के महत्व के बारे जानकारी दि गई। इस दौरान कार्यक्रम में स्कूल के अध्ययनरत विद्यार्थीयो के द्वारा वन्य प्राणी एंव वनो पर आधारित रगोंली बनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही वन्य प्राणी की सुरक्षा व सरंक्षण का संदेश देते हुए जागरूक किया गया। रगोंली कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विधार्थीयो को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक ने बताया की वन परिक्षेत्र के ग्रामीण अंचलो में वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत अनेक सकारात्मक गतिविधि आयोजित कर वन्य प्राणीयो की सुरक्षा व सरंक्षण प्रति जागरूक किया गया साथ साथ वनो के महत्व के बारे बताया गया। मिरगपुर स्कूल में इस अवसर पर प्राचार्य एस.आर.बिसेन, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी दिलीप ऊके, समाजसेवी जयेश देशमुख, रवि कुमार रजक प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक, यादेश राहगडाले सहित अन्य शिक्षक एंव वन अमला मौजूद रहा।

## हट्टा मे आयोजित हुआ सद्गुरु कबीर आध्यात्मिक सत्संग महोत्सव

**हट्टा।** अखिल ब्रम्हांड नायक बंदीछोर सद्गुरु कबीर साहब की असीम क्रपा से ग्राम हट्टा मे शरद पूर्णिमा के पवन अवसर पर एक दिवसीय सात्विक यज्ञ चौका आरती एव आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया । परम पूज्य कबीरदर्शनाचार्या रामजीवन शास्त्री जी साहेब ( आचार्यपीठ सागर ) के पावन सानिध्य मे 05 अक्टूबर 2025 दिन रविवार सायं 5 बजे प.पू . आचार्य गुरुदेव साहेब जी एव संत मंडली का आगमन हुआ तथा 06 अक्टूबर 2025 दिन सोमवार को गुरु पूजा चौका आरती, प्रातः 9 बजे से स्वल्पाहार एव 11 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती सत्संग तत्पश्चात भंडारा का आयोजन स्थानीय महाराज लॉन हनुमान चौक मे किया गया । जिसमे आयोजक के रूप मे सतीश गुप्ता , राजकुमार गुप्ता, रामकुमार गुप्ता , शंकर गुप्ता व संयोजक के रूप मे मदन , राजेश जी, महेंद्र , सुरेन्द्र , रूपेन्द्र , नरेश, लक्ष्मीनारायण, पवन , गोकुल , राजेश गुप्ता व दशरथ सोनकुसरे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## शिकायतकर्ता ने की पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग

# यूट्यूबर अरविंद और सायमा पर ब्लैकमेलिंग के आरोप







**हरिभूमि न्यूज बैहर।** बालाघाट जिले में इन दिनों यूट्यूबरो की जनसंख्या रुकने का नाम ही नहीं ले रही है, आए दिन नए नए चेहरे कुकुरमुत्ते की तरह पनप रहे है। फेसबुक, व्हाट्सअप और यू ट्यूब को कुछ लोग पत्रकारिता का प्लेटफॉर्म बनाकर ब्लैकमेलिंग करने में लगे है। जिस पर शासन प्रशासन अब तक चुप्पी साधे बैठा है। लेकिन इस तरह के यूट्यूबर जो पत्रकारिता के नाम से ना सिर्फ भोले भाले लोगों को डराने धमकाने का काम करते है, बल्कि अपने आप को बड़ा पत्रकार बताकर, ब्लैकमेलिंग करने में लगे है,जिनकी योग्यता पर भी अब उठ रहे है सवाल, जिसको लेकर बैहर निवासी कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज के अध्यक्ष आर राजा सोनवाने ने एक पक्षीय न्यूज चलाने वाले ब्लैकमेलिंग के आरोपी फर्जी पत्रकार बंटी बबली के नाम से चर्चित अरविंद ,सायमा और करण परवार पर दंडात्मक कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन से शिकायत की है।

### यह है पूरा मामला

कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर में विगत 31 दिसंबर 2024 में आर राजा सोनवाने को समाज का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष होने के नाते पूर्व अध्यक्ष यशवंत बघेल द्वारा समाज से 4 लगभग लाख 13 हजार की राशी उठाए जाने पर सामाजिक नोटिस भेजा गया, जिस पर उन्होंने अभद्रता करते हुवे देने से इंकार कर दिया। फिर यशवंत बघेल का सहयोगी अतीत दास संत व अन्य मंदिर की चाबी रखकर दान पेटी को क्षति पहुंचाकर कबीर मंदिर में ही जुआ खेलने का मामला प्रकाश में आया जिसकी शिकायत भी 13 सितंबर को बालाघाट एस पी से की गई थी। जिससे बौखलाकर समाज में महंत कहे जाने वाले लोग अपने शिष्यों की भीड़ बढ़ाकर वर्तमान अध्यक्ष श्री सोनवाने के खिलाफ मंदिर में ताला लगाने के मामले को लेकर बैहर थाने और एस डी एम में फर्जी शिकायत की गई। उक्त खबर को चलाने के लिए तथाकथित पत्रकार अरविंद और सायमा ने करण परवार को भेजकर न्यूज ना चलाने के एवज में 30 हजार रुपए की मांग करने लगे, जिस पर राजा सोनवाने ने रुपए देने से इंकार कर दिया। तो अरविंद सायमा और करण परवार तीनों तथाकथित यूट्यूबर पत्रकार मिलकर कबीरपंथी समाज की एक पक्षीय न्यूज चलाकर कबीरपंथी समाज और उसके पदाधिकारियों को सार्वजनिक रूप से बदनाम किया गया है, जिसको लेकर कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष ने दिनांक 27 सितंबर को एस डी एम और एस डी ओ पी बैहर को शिकायत कर यूट्यूबर पत्रकारों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है साथ ही ऐसे लोगों की योग्यता के जांच की भी मांग की है।

### पुर्व में भी यूट्यूबर पत्रकार अरविंद और सायमा रुपए मांगने के चलते जा चुके है जेल

पत्रकारों की छवि धूमिल करने वाले बंटी और बबली के नाम से चर्चित अरविंद और सायमा पर 8 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज है, जिसके चलते ये यूट्यूबर पत्रकार जेल भी जा चुके है। जानकारी अनुसार बता दे की गढ़ी निवासी शिक्षक से प्रमोशन कराने का झांसा देकर लाल सिंह आर्य के नाम से 8 लाख की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया था ,जिनके विरुद्ध गढ़ी थाना में वर्ष 2018 में भादस 1860 की धारा 420,506(8) अ,190,34 अ, और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति( नृशंसता निवारण अधिनियम 1989 संशोधन 2015 के तहत अपराध पंजीबद्ध है, ऐसे यूट्यूबर पत्रकारों पर यदि प्रशासन उचित कार्यवाही नहीं करती है तो कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज यूट्यूबर पत्रकारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लामबंद होगा।

### इनका कहना है

इन दिनों यूट्यूबर पत्रकार कुकुरमुत्ते की तरह तेजी से पनप रहे है,बिना एम बी बी एस के डॉक्टर नहीं बनते, बिना एल एल बी के वकील नहीं बनते, लेकिन बिना पत्रकारिता की डिग्री/डिप्लोमा के पत्रकार कैसे बन जाते है, यह मानव समाज के लिए चिंता का विषय है, आज कबीरपंथी समाज के पदाधिकारियों को रूपयों के चलते न्यूज को एक पक्षीय लगाकर सोशल मीडिया में बदनाम कर रहे है। ऐसे यूट्यूबर पत्रकारों की सुक्ष्म जांच के लिए हमने सामाजिक स्तर से आवेदन देकर प्रशासन से मांग की गई है, यदि फर्जी पत्रकारों पर कार्यवाही नहीं होती तो कबीरपंथी समाज धरना प्रदर्शन के लिए लामबंद होगा।

**आर. राजा सोनवाने**
**अध्यक्ष कबीरपंथी मानिकपुरी**
**पनिका समाज बैहर**

# आत्मरक्षा व साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

### मलाजखंड थाना अंतर्गत साइबर सुरक्षा अभियान के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।







07 अक्टूबर को थाना मलाजखंड क्षेत्र के अंतर्गत बस स्टैंड मोहगांव में बस में बैठे यात्रियों को एवं बस स्टैंड मे उपस्थित लोगों को सायबर सुरक्षा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की दैनिक रूपरेखा अनुसार साइबर अपराध पर रोकथाम सफलता की कहानी, साइबर सुरक्षा के बारे में क्या करें और क्या ना करें ,सुरक्षित पासवर्ड एवं संदिग्ध ईमेल, अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी शेयर ना करने एवं साइबर सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई । एवं एडवाइजरी के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके साथ ही साथ सायबर अपराध से बचाव एवं सावधानियाँ, अन्य साइबर अपराध से बचने सम्बन्धी अधिक से अधिक लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। वही मलाजखंड थाना प्रभारी निरी नरेंद्रसिंह यादव के निर्देशन मे सहायक उपनिरीक्षक सुलेखा मरकाम, आर 46 बृजलाल उईके , आर 1133 राधा मोहन द्वारा जागरूकता का संदेश दिया गया।

## स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत पॉलीथिन मुक्त बनाने हट्टा क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जनपद सदस्य रंजना वैद्य के द्वारा क्षेत्र क्रमांक 25 में ग्राम पंचायत द्वारा संचालित स्वच्छता समिति एवं पंचायत के स्वच्छता कर्मियों द्वारा निरंतर कार्य करते हुए स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहे है जिसमें मुख्य रूप से पॉलिथीन का बहिष्कार करने की पूरे क्षेत्र में मुहिम चलाई जा रही है पॉलीथिन मुक्त अभियान के तहत सभी वार्ड सभी मोहल्ला एवं जगह-जगह पॉलिथीन इकट्ठा कर ग्राम पंचायत हट्टा के सेग्रीगेशन सेट में जमा की जाती है और उसी पॉलिथीन को रीसाइकिलिंग के लिए भिजवाया जाता है। इसके पहले भी कई टन पॉलीथिन पुनः चक्रिकरण के लिए भिजवाया जा चूका है वही इस अभियान में जनपद सदस्य रंजना वैध, समाजसेवी शिला पटले के द्वारा सभी से आग्रह किया किया गया कि अपने अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखें और पॉलिथीन मुक्त बनाएं इसके साथ हीं सभी स्वच्छता प्रेमी सहयोगीयों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया है । सभी से निवेदन है कि आप सभी भी इसी तरह से अपने क्षेत्र में कार्य करें और गांव को और क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें अभियान में रंजना वैद्य, सरपंच उमेश सोनेकर, वीरेन्द बिसेन, समाज सेवी शिला पटले वार्ड पंच रुपेश गेड़ाम,.वार्ड पंच ,सुनीता मिश्रा सफाई कर्मी महेंद्र यादव , पंकज माहूले सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य अंतर्गत कराये गए विविध कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज उकवा।** मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट के निर्देशन तथा श्रीमती नेहा श्रीवास्तव वनमण्डलाधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य एवं उपवनमंडल अधिकारी उकवा सामान्य के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत वन्यजीव सप्ताह के अवसर में झांकी, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी तथा रैली के माध्यम से छात्र छात्राओं तथा ग्रामीणों को वन्य एवं वन्यप्राणी की रक्षा हेतु संदेश दिया जा रहा है।गौरतलब हैं कि मध्य प्रदेश में वन्यजीव सप्ताह प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक मनाया जाता है। यह आयोजन भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित होता है और इसका उद्देश्य वन्यजीवों के संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस सप्ताह के माध्यम से वन्य जीवों और उनके आवासों के संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना है। इस दिवस के माध्यम से वन्य जीवों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने और उनके संरक्षण में अपना योगदान देने पर महत्व दिया जाता है। वन्य जीव सप्ताह के तहत होने वाले आयोजन आमजन को वन्य जीवों के महत्व और इकोसिस्टम में उनके महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका



अदा करता है। इस पूरे सप्ताह आमजन के बीच व वन्य जीवों के महत्व को समझने, वन्य जीवों के संरक्षण, वन्य जीवों के आवासों का संरक्षण करने, वन्य जीवों के शोषण को रोकने, वन्य जीव संरक्षण के लिए समाज की भागीदारी को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास और जागरूकता गतिविधि को बढाने के कार्य किये जाते है।

**वन्य जीवों का पारिस्थितिकी तंत्र में विशेष महत्व :** प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने में वन जीवों का विशेष महत्व होता है। वन्य जीवों का संरक्षण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। वन्य जीवों का संरक्षण जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करता है। वन्य जीवों का संरक्षण हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सहायक सिद्ध होता है। वन्य जीवों का संरक्षण हमारी संस्कृति और धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। वन्य जीवों का संरक्षण हमारे भविष्य के लिए आवश्यक है, क्योंकि वे हमारे प्राकृतिक संसाधनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसी तारतम्य में परिक्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल टंटाटोला रखी गई चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक 93 छात्र छात्राओं में हिस्सा लेकर बहुत ही शानदार और मनमोहक चित्र को बनाकर प्रस्तुत किया गया। जिसमें माध्यमिक स्तर में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा हाई स्कूल स्तर में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।कार्यक्रम में शाला प्राचार्य, सभी शिक्षक और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।